24/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के लेफ्टिनेंट गवर्नर, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राज्यों से कहा कि वे प्रति राज्य कम से कम एक पर्यटन स्थल को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करें और **एक राज्य, एक वैश्विक गंतव्य** के तहत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा।

0000000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और आत्मरक्षा के भारत के अधिकार के लिए जर्मनी के समर्थन पर आभार व्यक्त किया है। बर्लिन में **जर्मन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस** में एक संवाद को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने दोहराया कि भारत को अपनी, अपने लोगों की रक्षा करने और देश को सुरक्षित रखने का अधिकार है, जिस पर जर्मनी सहित दुनिया के अधिकांश देश सहमत होंगे।

0000000000000000000000000

आज बेंबूसा लाइब्रेरी में आयोजित कैप्टन केके वेंकटरमन मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी पुरस्कार वितरण समारोह में **देनिंग कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन**, तेजू की **जेन चिकरो** और उनकी टीम ने हिंदी देशभक्ति ग्रूप सोंग कॉम्पिटिशन में सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार अर्पिता राम और उनकी टीम को मिला। यह प्रतियोगिता इंदिरा गांधी गवर्मेंट कॉलेज, तेजू की एनएसएस और एनसीसी यूनिट द्वारा बेंबूसा लाइब्रेरी के साथ संयुक्त रूप से गत 25 अप्रैल, 2025 को आयोजित की गई थी। 6th कुमाऊं रेजिमेंट के कर्नल रवि पंवार द्वारा इस ट्रॉफी को प्रायोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बैंगलोर की प्रख्यात बाल साहित्यकार विजयलक्ष्मी नागराज, ने भी उत्कृष्ट पुस्तकें प्रदान किया।

0000000000000000000000000

पंचायती राज सहकारिता, ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्री ओजिंग तासिंग द्वारा शुक्रवार को पासिघाट में बॉएज़ एण्ड गर्ल्स अंडर-16 फुटबॉल और वॉलीबॉल राज्य स्तरीय हांगपान दादा मेमोरियल ट्रॉफी के 8वें संस्करण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा है कि, स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस को बनाए रखना आज हमारे लिए बहुत जरूरी हो गया है।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **13** जिलों, तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग-कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद **मन की बात** कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

0000000000000000000000

उच्चतम साक्षरता दर वाले शीर्ष 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में पाँच पूर्वोत्तर राज्य शामिल हैं, जिनमें मिज़ोरम 98.2% साक्षरता दर के साथ शीर्ष पर है।

मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टैटिस्टिक्स एण्ड प्रोग्राम के **पीरियोडिक लेबर फ़ॉर्स सर्वे 2023-2024** के अनुसार, 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चौरासी दशालव दो प्रतिशत साक्षरता दर के साथ अरुणाचल प्रदेश 21वें स्थान पर रहा। मिज़ोरम के अलावा, शीर्ष 10 में अन्य चार पूर्वोत्तर राज्य 95.7% के साथ तीसरे स्थान पर नागालैंड, 94.2% के साथ 5वें स्थान पर मेघालय, 93.7% के साथ छठे स्थान पर त्रिपुरा और 92% के साथ 10वें स्थान पर मणिपुर हैं। असम और सिक्किम की साक्षरता दर क्रमश: सत्तासी प्रतिशत और 84.7% थी।

000000000000000000000000

मणिपुर में, राज्य स्तरीय शिरुई लिली महोत्सव 2025 का पांचवां संस्करण, जो इस महीने की 20 तारीख को शुरू हुआ था, आज शाम उखरुल जिले के बक्शी ग्राउंड में संपन्न होगा। शिरुई लिली पौधे के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित 5 दिवसीय महोत्सव में राज्य की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।

000000000000000000000000

भारत ने पाकिस्तान की उड़ानों के लिए नोटिस टू एयरमेन (NOTAM) को अगले महीने की 23 तारीख तक बढ़ा दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत और पाकिस्तानी एयरलाइनों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले और पट्टे पर दिए गए विमानों के लिए स्वीकृत नहीं है, जिसमें सैन्य विमान भी शामिल हैं।

नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा, NOTAM को बढ़ा दिया गया है और भारत यथास्थिति बनाए रख रहा है।

0000000000000000000000000

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के पूर्णगढ़ मरीन पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिकों को छह महीने की जेल की सज़ा पूरी करने के बाद उनके देश वापस भेज दिया गया है। पुलिस के **एंटी टेरोरिजम स्क्वाड** ने पिछले साल 11 नवंबर को एक खदान पर छापा मारी के दौरान उन्हें गिरफ़्तार किया था।